**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांकः 13.11.2024** **समय : 18.30 पीएम**

- **प्रदेश के सात विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न–शाम पांच बजे तक 64 दशमलव आठ दो प्रतिशत वोट डाले गए।**
- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर 18 प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्रों का शुभारंभ किया–इनमें राजस्थान के तीन स्टेशन शामिल।**
- **सर्वोच्च न्यायालय ने बुलडोज़र कार्रवाई को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर महत्वपूर्ण फैसला सुनाया।**
- **केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने कोचिंग संस्थानों द्वारा भ्रामक विज्ञापनों पर रोकथाम के लिए दिशा–निर्देश जारी किए।**

000

प्रदेश की सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए मतदान अब से कुछ देर पहले समाप्त हो गया। आज दौसा, रामगढ़, झुंझुनूं, चौरासी, खींवसर, देवली–उनियारा और सलूम्बर विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए वोट डाले गये। शाम छह बजे तक मतदान समाप्त हो गया। हालांकि नियत समय तक मतदान केंद्रों पर पहुंचने वाले मतदाताओं को मतदान की अनुमति दी गयी। निर्वाचन विभाग के आंकड़ों के अनुसार सातों निर्वाचन क्षेत्रों में शाम 5 बजे तक कुल 64 दशमलव आठ दो प्रतिशत मतदान हुआ। दौसा में 55 दशमलव छह तीन प्रतिशत, रामगढ़ में 71 दशमलव चार पांच, झुंझुनूं में 61 दशमलव 8, चौरासी में 68 दशमलव पांच पांच, खींवसर में 71 दशमलव शून्य चार, देवली–उनियारा में 60 दशमलव छह एक और सलूम्बर में 64 दशमलव एक नौ प्रतिशत वोट पड़े। छुटपुट घटनाओं को छोड़कर ज्यादातर स्थानों पर मतदान के शांतिपूर्ण सम्पन्न होने के समाचार हैं। कई स्थानों पर मतदाताओं में मतदान के प्रति उत्साह देखा गया। कई जगह दुल्हे और दुल्हन विवाह सम्पन्न होने के बाद सीधे मतदान करने पहुंचे। दौसा के कालोता मतदान केंद्र पर तीन दूल्हों ने एक साथ वोट डाले। दौसा में ही कुछ मतदान केंद्रों पर लोकगीत गाते हुए महिलाएं मतदान केंद्र पहुंची और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। देवली–उनियारा के समरावता गांव के मतदान केंद्र में निदर्लीय प्रत्याशी नरेश मीणा ने उपखंड अधिकारी से मारपीट की, जिसके बाद वहां हंगामा मच गया। टोंक की जिला निर्वाचन अधिकारी सौम्या झा ने बताया कि समरावता में ग्रामीण अपने गांव को देवली तहसील से हटवाकर उनियारा तहसील में जोड़ने की मांग को लेकर मतदान का बहिष्कर कर धरने पर बैठे थे। निदर्लीय प्रत्याशी भी ग्रामीणों के साथ बैठे हुए थे, इसी दौरान ये घटना हुई। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और उसके अनुसार कानूनी कार्यवाही के लिए आगे लिखा जायेगा। वहीं, आरएएस एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन से मुलाकात कर घटना की निंदा की और दोषी के खिलाफ कार्रवाही की मांग की। हमारे संवाददाता ने बताया कि इन उपचुनावों में कई दिग्गज नेताओं की साख दांव पर लगी है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज देशभर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर 18 प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों का शुभारंभ किया। उन्होंने बिहार के दरभंगा से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक की अन्य विकास परियोजनाओं के साथ इन केंद्रों का उद्घाटन किया। ये केंद्र यात्रियों के लिए रेलवे स्टेशनों पर सस्ती दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार विकसित भारत बनाने की दिशा में तेजी से अपने कदम बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार देश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुदृढीकरण पर फोकस कर रही है। सरकार बीमारी से बचाव, बीमारी की समय पर जांच, मुफ्त और सस्ता इलाज, छोटे शहरों में भी इलाज की बेहतरीन सुविधा, चिकित्सक की कमी को दूर करने और स्वास्थ्य क्षेत्र में तकनीक के विस्तार के लक्ष्य के साथ काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न अभियान फिट इंडिया मूवमेंट, स्वच्छ भारत अभियान, हर घर नल से जल जैसे अभियानों से न केवल स्वच्छता बढ़ी है बल्कि बीमारियों के संक्रमण पर भी रोकथाम लगी है।

..............

इस कार्यक्रम में राजस्थान के भी तीन स्टेशनों पर प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र का वर्चुअल शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस कार्यक्रम से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े।
मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के विजनरी लीडरशिप में देश में विकास को अभूतपूर्व गति मिली है। सड़क, ऊर्जा, मेडिकल, उद्योग, बिजली, पानी, शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी सहित तमाम विकास संकेतकों में भारत

दुनियाभर में मजबूती के साथ आगे आया है। आज जयपुर के दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन, बाड़मेर तथा फालना के रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र का शुभारंभ किया गया है। इससे आमजन को कम कीमत पर दवाइयां उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए लगातार निर्णय ले रही है।

000

सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला दिया है कि कार्यपालिका, व्यक्तियों की संपत्तियों को ध्वस्त करके उनके अपराध का निर्धारण करने में न्यायपालिका के रूप में काम नहीं कर सकती है। आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ "बुलडोजर कार्रवाई" को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर एक महत्वपूर्ण फैसले में, न्यायालय ने कहा कि उचित प्राधिकार के बिना किसी भी संपत्ति के विध्वंस को मनमाना समझा जाएगा। शीर्ष न्यायालय ने लोकतांत्रिक शासन की नींव के रूप में कानून के शासन पर जोर दिया। दो न्यायाधीशों की पीठ ने संपत्तियों के अनधिकृत विध्वंस को रोकने के लिए अखिल भारतीय दिशानिर्देश भी जारी किए हैं। न्यायालय ने कहा है कि कारण बताओ नोटिस के बिना कोई विध्वंस नहीं होना चाहिए। नामित प्राधिकारी को प्रभावित पक्ष को व्यक्तिगत सुनवाई का मौका देना भी जरूरी है, जिसमें सुनवाई का विवरण विधिवत दर्ज किया जाए। दिशा–निर्देशों में यह भी कहा गया है कि विध्वंसक कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाए, उसे संरक्षित रखा जाए, जिला कलेक्टर को रिपोर्ट किया जाए और डिजिटल पोर्टल पर प्रदर्शित किया जाए।

000

केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने कोचिंग संस्थानों द्वारा भ्रामक विज्ञापनों पर रोकथाम के लिए आज दिशा–निर्देश जारी किए। इसके तहत सभी कोचिंग संस्थानों को अपने पाठ्यक्रमों के बारे में प्रासंगिक जानकारी देने को कहा गया है, जिससे विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को गुमराह होने से बचाया जा सके। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने कहा कि कोचिंग संस्थानों के पास एक सक्रिय उपभोक्ता शिकायत निवारण तंत्र होना चाहिए। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन शुरू होने के बाद पिछले वर्ष सितम्बर से इस साल अगस्त तक संस्थानों ने एक करोड़ रुपये से अधिक राशि विद्यार्थियों को वापस की है।

000

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज एक निजी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए कोटा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शहर के कोचिंग संस्थानों में पढ़ रहे मध्यप्रदेश के विद्यार्थियों से चर्चा की। श्री यादव ने कहा कि यदि सफलता नहीं मिले तो भी निराश नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन में जिस भी मार्ग पर चलो अपने अंदर की इच्छा शक्ति को मजबूत रखो तो सभी चुनौती पार की जा सकती हैं। उन्होंने कोचिंग विद्याथियों को अध्ययन के साथ–साथ पर्याप्त नींद लेने और एकाग्रता के लिए योग–प्राणयाम करने का सुझाव दिया। इससे पहले कोटा एयरपोर्ट पहुंचने पर ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने श्री यादव का साफा पहनाकर स्वागत किया।

000

भरतपुर जिले के बांध बरैठा से किसानों को 15 नवम्बर से रबी सीजन में सिंचाई के लिए जल वितरण शुरू करने का निर्णय लिया गया है। ये निर्णय जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में बांध बरैठा जल वितरण उपयोग समिति की बैठक में लिया गया। जिला कलेक्टर ने कहा कि समिति के सभी सदस्य नहरों में जल प्रवाह के दौरान निगरानी रखकर जल संसाधन विभाग का सक्रियता से सहयोग करें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को अन्तिम छोर तक सभी किसानों को आवश्यकतानुसार निर्बाध सिंचाई जलापूर्ति के निर्देश दिये।

000

सांचौर जिले में आज पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत शिविरों का आयोजन किया गया। सांचौर स्थित ओल्ड पॉवर हाउस और हाडेचा गांव में अटल सेवा केंद्र पर आयोजित हुए शिविरों में 30 नागरिकों ने मौके पर ही योजना के तहत पंजीकरण करवाया। जिले की सांचौर, रानीवाड़ा और चितलवाना पंचायत समिति क्षेत्रों में इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

000

सवाईमाधोपुर में आज नार्को कोर्डिनेशन संबंधी जिला स्तरीय समिति की बैठक जिला कलेक्टर शुभम चौधरी और पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृति देश और मानव समाज के लिए घातक है। नशे की प्रवृति पर अंकुश लगाने के लिए स्कूल, कॉलेजों में वाद–विवाद, पोस्टर, चित्रकला, निबंध जैसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से जागरुकता अभियान चलाने के साथ–साथ इस तरह की नशे की सामग्री के रैकेट चलाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राज्य के नाकों से आने वाले वाहनों पर भी सघन जांच की कार्यवाही की जाने की आवश्यकता है। जिला पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों से कहा कि वे इस संबंध में खुफिया जानकारी पुलिस से साझा करें। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा सूचना मिलने पर एनडीपीएस के 23 प्रकरण दर्ज कर उन पर कार्यवाही की गई है।

000